डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2021- 23
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे
# गुरु एक्सप्रेस
सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल
वर्ष 18 | अंक 41 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | सोमवार 20 नवम्बर 2023 | मूल्य 2 रुपया




## अबे कई लाग रियो रे...
## चुनाव लड़ने वालों से ज्यादा उनके छर्रे टेंशन में, कईयों की दुकानदारी हो सकती है बंद



**मंदसौर, 19 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा चुनाव को लेकर 3 दिसंबर तक अब एक ही सवाल गूंजना शुरु हो गया है कि आखिर कौन जीत रहा है? वर्ष 2014 में मोदी लहर जैसी सकारात्मक स्थिति भाजपा के लिए ही नहीं, बल्कि अब तक हुए चुनावों में कई बार कांग्रेस के लिए भी बनी। जहां प्रत्याशी के साथ समर्थक ऑल इज वेल बोलकर मतदान के बाद नो टेंशन मतगणना के दिन तक सोते रहे। लेकिन, इस बार हार-जीत का गुणा भाग दोनों ही दलों के लिए उलझा हुआ है। प्रत्याशियों का तनाव में रहना तो वाजिब है, लेकिन उनसे ज्यादा टेंशन में है उनके खासमखास व्यवसायिक समर्थक है। घर वाले हो या रिश्तेदार या दोस्त या पान की दुकान वाला या चाय की दुकान वाला, सबसे एक ही सवाल पूछ रहे हैं कि अबे कई लाग रियो थने...?

### कई की दुकानदारी, ठेकेदारी हो सकती है बंद...

बड़ा ठेकेदार हो या राशन की दुकान चलाने वाला, कहीं न कहीं उनका कनेक्शन प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से नेताजी से जुड़ा हुआ है। यह स्थिति मंदसौर की विधानसभा सीटों की ही नहीं, बल्कि प्रदेशभर की है। करोड़ो की सड़कों का काम लेने वाला ठेकेदार हो या राशन की दुकान चलाने वाला सेल्समेन, कहीं न कहीं नेताजी का आशीर्वाद ग्रहण करके अपनी आजीविका चला रहा है। ऐसे में आशीर्वाददाता का पॉवर अगर कहीं शिफ्ट हो गया तो आशीर्वाद बगैर आजीविका में आने वाले हरे रंग के कागज की आवक बंद होने की आशंका बन जाएगी। हालांकि, इनमें कई समर्थक ऐसे भी है जो सभी सरकारो में एडजस्टमेंट करने में विश्वास करते है।

### नेता चेंज, समर्थक चेंज...

नेता चेंज तो समर्थक भी चेंज वाली बात मतगणना के बाद लागू हो सकती है। अगर नेताजी का चेहरा बदलता है तो कहीं न कहीं उनके ठेकेदारों और अन्य जगहों पर दुकानदारी करने वालों के चेहरे भी बदलेंगे। अपने खास और चुनाव में साथ देने वालों को वाजिब बात है कि नेताजी आगे उनकी चिंता करेंगे। ऐसे में आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह चुनाव नेताजी के अलावा उनके खासमखासों के लिए कितना महत्व रखता है।

### ऐसे होते है भक्त...

90 प्रतिशत लोग ऐसे है जो अपने फायदे या सरकार की योजनाओं का लाभ मिलने या फिर कहीं किसी बडे नेता की स्टाईल, भाषण से प्रभावित होकर किसी भी दल को मतदान करते हैं। लेकिन 10 प्रतिशत लोग अजीब तरह के हैं। उन्हें न किसी सरकार की योजना से मतलब है, न भ्रष्टाचार से मतलब है, न किसी चेहरे से मतलब है... बस पारिवारिक परंपरा का निर्वहन करते हुए किसी भी एक दल का समर्थन करते हैं। समर्थन ही नहीं करते बल्कि उस दल के खिलाफ कोई आरोप तक सुनना पसंद नहीं करते।

# ज्यादा मतदान लाड़ली बहना के कारण तो नहीं?



**मंदसौर, 19 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मतदान समाप्ती के बाद से ही इस बात पर चर्चा तेज हो चली है कि ज्यादा मतदान लाड़ली बहना योजना की देन है। जबकि, प्रशासन की लगातार मतदार के प्रति जागरुकता से लेकर कई ऐसे कारण रहे है, जिससे मतदान का प्रतिशत लगातार बढ़ रहा है। कई लोगो के एक से ज्यादा मतदान केन्द्रो पर नाम थे। उनमें से ज्यादातर के नामो का विलय कर दिया गया है। जिससे भी मतदान का प्रतिशत बढ़ा हुआ दिख रहा है।

इधर ओल्ड पेंशन योजना की मांग कर रहे पुलिस विभाग सहित सभी सरकारी कर्मचारियो ने सरकार के पक्ष में वोट दिया है या विरोध में यह भी 3 दिसंबर को ही पता चलेगा। वैसे जनचर्चा में लगातार सरकारी कर्मचारी सत्ता विरोधी बात ही करते रहे है। इसलिए उनका स्टेंड मतदान के समय तक क्या रहा होगा, यह भी क्लियर नहीं हो पा रहा है। यदि सत्ता के विरोध में गए होंगे तो उनके परिजनो के वोट भी सत्ता के खिलाफ गए होंगे। इधर ग्रामीण क्षेत्रो में महिलाओ का रूझान मतदान के प्रति ज्यादा देखा गया है। लंबी लाईनो के बावजूद काफी समय तक महिलाओ ने अपने मतदान के समय का इंतजार किया। जिससे यह माना जा रहा है कि भाजपा सरकारी की लाड़ली बहना योजना ने अपना काम किया है।

इधर शहरी क्षेत्र में देखे तो मंदसौर शहर के 40 वार्डो में करीब 76 प्रतिशत मतदान ही हुआ है। जबकि, इसमें भी मुस्लिम बहुल वार्डो में 85 से 90 प्रतिशत तक मतदान हुआ है। कहीं-कहीं तो भाजपा के माने जाने वार्डो में भी 65-68 प्रतिशत मतदान हुआ है। यह नुकसान किसका है। क्या भाजपा पार्षदो ने जानबूझकर मतदान के प्रति बेरूखी रखी है या वे भी सत्ता से नाखुश है। पहले तो मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य की अनदेखी की गई। जिससे कई लोगो के नाम मतदाता सूची से कट गए थे। ऐसे लोग अपना मतदाता फोटो परिचय पत्र लेकर

### [ हो सकती है सत्ता विरोधी लहर! ]

मतदान केन्द्रो पर पहुंचे, लेकिन मतदाता सूची में नाम नहीं होने से निराश होकर लौटे। यह नुकसान भाजपा को हो रहा है या कांग्रेस को हो रहा है। यह भी स्पष्ट नहीं हो पा रहा है।

मंदसौर जैसी स्थिति जिले की अन्य तीन विधानसभाओ में भी है। सुवासरा, मल्हारगढ़ और गरोठ विधानसभा में स्थिति मंदसौर से भी ज्यादा बदतर रही है। ऐसे में इस बार चुनाव परिणाम अप्रत्याशित आए, इस आशंका से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। यह भी हो सकता है कि कोई भी एक दल 4-0 से स्वीप कर सकता है। राजनीति के जानकारो की माने तो इस बार जैसी असमंजस की स्थिति पिछले कई चुनावो में नहीं दिखाई दी है। खैर, ज्यादा मतदान किसके पक्ष में हुआ है, यह जानकारी 3 दिसंबर को सुबह 11 बजे तक सार्वजनिक हो जाएगी। उस दिन कहीं खुशी, कहीं गम का माहौल रहेगा। मतदाता तो उस दिन भी जैसे पहले था, वैसे ही रहेगा।



## वोटिंग खत्म, पहरेदारी शुरू...
### स्ट्रांग रूम के बाहर डटे कांग्रेसी, दिन-रात चौकीदारी कर रहे हैं कार्यकर्ता

जिले की चारों विधानसभा में वोटिंग खत्म हो गई है। मंदसौर, मल्हारगढ़, सुवासरा और गरोठ विधानसभा की इवीएम मशीनें मंदसौर के पीजी कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखी गई है। कॉलेज परिसर में पुलिस का पहरा है। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। वोटिंग मशीनों में गड़बड़ी होने या मशीनें इधर-उधर होने की आशंका के चलते कांग्रेस कार्यकर्ता दिन-रात कॉलेज के बाहर डंटे हुए हैं। ईवीएम मशीनें स्ट्रांग रूम में जमा होने के बाद शनिवार को कांग्रेस के कई कार्यकर्ता कॉलेज कैम्पस में गेट पर पहरेदारी करने पहुंच गए हैं। रातभर कांग्रेस कार्यकर्ता स्ट्रांग रूम के बाहर बिस्तर लगाकर बारी-बारी से पहरेदारी करते रहे। शनिवार रात कांग्रेस के सुनील बसेर, पंकज जोशी, पंकज सतीदासानी और सादिक ने स्ट्रांग रूम के बाहर पहरेदारी की।सुनील बसेर ने बताया कि चारों विधानसभा के प्रत्याशियों के यहां से दो-दो कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई गई है। दो से चार कार्यकर्ता 24 घंटे स्ट्रांग रूम के बाहर नजर रखेंगे। कार्यकर्ता बारी-बारी से 8-8 घंटे का समय देंगे।

## शहर में बाइक चोरों का बोलबाला, पुलिस नहीं है सक्रिय

**मंदसौर, 19 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** शहर भर में बाइक चोर गिरोह सक्रिय है। लगातार बाइक चोरी के मामले सामने आ रहे है। आम जन और व्यापारी परेशान है। लेकिन, पुलिस सक्रिय नहीं है। यही कारण है कि बाईक चोरो के हौसले बुलंद है। दिन हो या रात, मोटर साइकलो को बाइक चोर गिरोह निशाना बना रहा है। इधर पुलिस की बात करे तो उसकी निष्क्रीयता का पता इसी से लगाया जा सकता है कि लंबे समय से कोई सफलता पुलिस के हाथ नहीं लगी है।

लगातार बाइक चोरी की वारदातों से शहर के आमजन, व्यापारियो का पुलिस के प्रति आक्रोश देखा जा सकता है। इधर पुलिस की बात करें तो शहर कोतवाली, नई आबादी और कोतवाली के कई टीआई बदल गए, लेकिन जहां नए नवेले तस्कर पुलिस के हत्थे आसानी से चढ़ जाते है, वहीं पुलिस को बाइक चोर नहीं मिल पा रहे।

### स्क्रेप के रूप में खप रही बाईक...

अनुमान है कि जिले में ही चोरी की बाइक खप रही है। स्क्रेप करके इसके पार्टस अलग करके बेचने की खबरें भी समय समय पर आती रही है। इसका प्रमाण यह भी माना जा सकता है कि आचार संहिता में बार्डर पर पुलिस का सख्त पहरा था। मप्र और राजस्थान पुलिस के साथ ही बाहर से आया फोर्स भी हर वाहन की तलाशी ले रहा था। इसके बाद भी आचार संहिता में बाइक चोरी की वारदातें हुई। मतलब साफ है कि बाइक जिले के बाहर नही गई है। यहीं पर स्क्रेप और इंजन को अलग-अलग कर खपाया जा रहा है।



### कई नेताओं का पालिटिकल कॅरियर कसौटी पर...
## अब निपटे तो राजनीतिक जीवन समाप्त?

**मंदसौर, 19 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** आगामी 3 दिसंबर को प्रदेश के सभी प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा। लेकिन, मालवा-निमाड़ की 66 सीटों पर कुछ ऐसे भी नेता हैं, जिनका राजनीतिक भविष्य भी तय होगा। इसमें संसदीय क्षेत्र के पांच नेता शामिल है। इन प्रत्याशियों के लिए चुनाव हारना राजनीतिक भविष्य समाप्त होने जैसा होगा। एक तरह से यह उनका आखिरी चुनाव भी हो सकता है। 5 साल बाद किसी के उम्र आड़े आएगी तो कुछ के लगातार हारने पर पार्टी द्वारा किनारा करने का डर रहेगा। हालांकि राजनीतिक समीकरण कब बदलें, कहा नहीं जा सकता। लेकिन, हारने वाले कुछ नेताओं के लिए परिस्थितियां पक्ष में नहीं हैं।

### संसदीय क्षेत्र में यह नेता है शामिल

**राकेश पाटीदार–** सुवासरा से 2020 में उपचुनाव में हार।

**सुभाष सजोतिया–** गरोठ से चुनाव लड़ रहे हैं, 2018 में हारे थे।

**नरेंद्र नाहटा–** मनासा से चुनाव लड़ रहे नाहटा 2018 में हार गए थे।

**समंदर पटेल–** जावद से चुनाव लड़ रहे पटेल 2018 में निर्दलीय चुनाव लड़कर हारे थे।

**परशुराम सिसौदिया–**मल्हारगढ़ से चुनाव लड़ रहे सिसौदिया 2018 में भी हार गए थे।

## तापमान में बढ़ोतरी... तीन दिन बाद कंपकपाना शुरु करेगी ठंड

**मंदसौर, 19 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** शहर में इन दिनों मौसम का मिजाज नरम गरम बना हुआ है। उत्तरी हवाओं के कारण रात में गुलाबी सर्दी के साथ-साथ दिन में भी हल्की ठंडक का अहसास होने लगा है। लेकिन पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के कारण एक बार फिर उत्तरी हवा आना कम हो गई है, ऐसे में सर्दी का असर फिर थोड़ा कम होने लगा है। अगले दो तीन दिन भी न्यूनतम तापमान में बहुत ज्यादा गिरावट की उम्मीद नहीं है।

मौसम विभाग के अनुसार इस समय पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तरी हवा का आना कम हो गया है। दिन में हवा का रूख पूर्वी और दक्षिण पूर्वी रहा, इसके कारण तापमान में बढ़ोतरी हुई है। अगले एक दो दिन न्यूनतम तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद 22 नवम्बर के बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट आ सकती है। शहर में रविवार को सुबह धुंध छाई रही। सुबह 7 बजे तक जहां न्यूनतम विजिबिलिटी 2 हजार मीटर के आसपास रही, वहीं पूरे दिन भर विजिबिलिटी 3 हजार मीटर के आसपास रही। ऐसे में दिन भर धुंध रही। दूसरी ओर पिछले तीन चार दिनों से हवा का रूख दिन में भी उत्तरी था, ऐसे में दिन में भी हल्की ठंडक का अहसास होने लगा था। लेकिन, रविवार को हवा का रूख दक्षिण पूर्वी हो गया। इसके कारण तापमान में एक दिन में ही ढाई डिग्री से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। रविवार को शहर का अधिकतम तापमान 31.1 डिग्री और न्यूनतम 15.1 डिग्री दर्ज किया गया।

# सहमा सहमा सा उत्साह है दोनों तरफ...
## किस दिशा में होगी चुनावी ऊंट की करवट..!

### दर्द-ए-दिल
**कुमार दशपुरी**

**मंदसौर, 19 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा चुनाव में हुए अधिक मतदान के ये आंकड़े अकलमंदो की गोष्ठियों में तरह-तरह की चर्चाओं और अटकलों के कारण बने हुए हैं। पूरे संसदीय क्षेत्र में 80 फ़ीसदी से अधिक मतदान हुआ। यह ज्यादा मतदान किसके पक्ष में हुआ है, किस पार्टी की सरकार बन रही है, कौन उम्मीदवार जीत रहा है, किसकी फाइल निपट रही है। यह सब बातें बंद दुकानों की पट्टियों पर, पान की दुकानों पर, सेलुनों पर, बसों और ट्रेनों में यात्रा के दौरान और जब जिसको जहां समय और अवसर मिल जाए, बस यही बातें हो रही है। हर कोई चुनावी विश्लेषक बना हुआ है। कोई भाजपा को प्रचंड बहुमत दे रहा है तो कोई कांग्रेस की सरकार ला रहा है। कोई संसदीय क्षेत्र की आठों की आठों सीटें उड़ा रहा है तो किसी की राय में 5-3 या 6-2 ये आंकडे चल रहे हैं। तो कोई बाकी निर्दलीय को जीता रहा है।

भाजपाई हलकों में तो लाडली बहनाओं का फेक्टर चर्चाओं में है। महिलाओं ने बहुत मतदान किया है। यह धारणा इस तरह से प्रचलित की जा रही है, मानो प्रायोजित तरीके से चुनाव परिणाम तक यह भरोसा दिलाया जा रहा है कि भाजपा को लाडली बहना योजना के कारण अच्छा खासा बहुमत मिल रहा है और यही वजह भारी मतदान की भी है। कांग्रेस में तो मानों राज तिलक की तैयारी चल रही है। अति आत्मविश्वास में डूबे कांग्रेसजन मंत्रिमंडल तक तय करने लगे हैं। उन्हें पूरा भरोसा है कि यह जो अधिक मतदान हुआ है यह बदलाव का ही प्रतीक है और निश्चित तौर पर कांग्रेस की सरकार आ रही है।

यह सहमा सहमा सा उत्साह दोनों तरफ है। यह बात सही है कि इस पूरे चुनाव में बदलाव- बदलाव की बातें इतनी ज्यादा हुई है कि इस भारी मतदान के बावजूद भी भाजपा सहमी हुई है और कांग्रेस में भी उत्साह सहमा सा है। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता। अब यह सहमा सहमा सा उत्साह कितना परिणाम कारक रहेगा यह तो 3 दिसंबर को ही पता चलेगा। लेकिन यह तय है कि यह अधिक मतदान एक नए समीकरण को सामने लाएगा।

## गैस रिसाव के बाद धमाका, चाय बनाने गया अधेड़ झुलसा

**मंदसौर, 19 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले के देहरी गांव में गैस रिसाव से हुए ब्लास्ट के बाद एक शख्स बुरी तरह झुलस गया। घटना रविवार सुबह 7 बजे की बताई जा रही है। वहीं किचन की पक्की दीवार ढह गई। हादसे के बाद घायल को बड़े अस्पताल रेफर किया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, भावगढ़ थाना क्षेत्र के देहरी गांव निवासी जुझारलाल पिता पन्नालाल सूर्यवंशी रात में अपने परिवार के साथ सोया था। सुबह वह खेत पर जाने के लिए तैयार हुआ और किचन में चाय बनाने गया। जैसे ही उसने लाइटर का स्विच दबाया। अचानक धमाका हुआ, इस धमाके में जुझारलाल बुरी तरह झुलस गया। धमाका इतना भयानक था कि किचन की सीमेंट से बनी पक्की दीवारे तक धराशाई हो गई। हादसे के बाद घायल को बड़े अस्पताल रेफर किया गया। जहां बर्न वार्ड में उपचार किया जा रहा है। मामले को लेकर पुलिस जांच कर रही है।इस घटना को लेकर अस्पताल चौकी प्रधान आरक्षक बंशीलाल परिहार ने बताया कि जुझारलाल सूर्यवंशी को घायल अवस्था मे लाया गया था। उनके बयान दर्ज किए है। घर मे गैस का रेगुलेटर चालू रहने से गैस रिसाव हुआ। सुबह चाय बनाने के दौरान धमाका हुआ है। इस वजह से घायल हो गए हैं। मामले की जांच की जा रही है।




# कयास सिर्फ कयास ही रहेंगे, दावे बेमानी, जब ईवीएम से नतीजे बाहर आएंगे, तभी सामने आएगी सच्चाई

**मंदसौर/उज्जैन, 19 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** सम्राट चुनने वाले जनमानस का अमूल्य मत ईवीएम मशीन में बंद हो गया है। किसके पक्ष में, किसके विरोध में मतदान हुआ होगा, यह 3 दिसंबर को सभी मशीन मिलकर उजागर करेगी। इस बीच 15 दिनो में प्रत्याशी और पार्टी के लिए असंख्य विशेषज्ञों में प्रत्याशी और पार्टी के लिए अपनी राय जाहिर करना शुरू कर दिया है। इनमें से जो लोग राजनीतिक विजन से जनमत का आकलन अपने अनुभव से तौल कर प्रस्तुत कर रहे हैं। वह भी सिर्फ कयास ही कहलाते हैं, दावे नहीं। दूसरा जन समूह जो पार्टी या प्रत्याशी का पक्षधर होते हैं। उनका राजनीतिक दृष्टि से जनमानस को समझने का अनुभव हो ना हो या कम भी हो तब भी वे अपने प्रत्याशी और पार्टी के पक्ष में कयास के बदले दावे को बगैर लगभग के साथ प्रस्तुत करते है।



चन्द्रमोहन भगत

कयास लगने वाले क्षेत्र के वातावरण और राजनीतिक दृश्य का तुलनात्मक सामंजस्य प्रस्तुत करते हैं। इसलिए जब नतीजे आते हैं तो कयासों के करीब नज़र आते हैं और दावा करने वाले विशेषज्ञों के हिस्से में या तो जीत ही आती है या हार। क्योंकि, ऐसे लोग प्रत्याशी या पार्टी के पक्षधर होकर अपनी एकपक्षीय राय दावे के साथ प्रस्तुत करते हैं। मध्य प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों पर हुए मतदान ने 80 प्रतिशत से अधिक तक पहुंच कर पहले के अनुमानों को भीऔर अधिक गड़बड़ा दिया है। ढाई दशक पहले तक यह माना जाता रहा है कि अगर मत प्रतिशत अनुमान से अधिक पहुंचता है तो सत्ताधारी पार्टी की हार होती है। अब सोचने का तरीका भी बदल गया है। मतपत्र की जगह ईवीएम मशीन आ गई है। लैंडलाइन फोन की जगह घरों के सभी सदस्यों के पास अलग-अलग स्मार्टफोन आ गया है। इसलिए सभी ज्ञान वर्धन के मामले में व्हाट्स एप, यूट्यूब और गूगल का उपयोग करना जानते हैं।

पुराने आंकड़े अन्य राज्यों के मुकाबले प्रदेश की स्थिति, नेता, प्रत्याशियों की तुलनात्मक हैसियत, जनसाख भी आसानी से खंगाले जा सकते हैं। इसलिए माना जा रहा है कि इस बार हुए अधिक प्रतिशत मतदान का मतलब और कयास यह तो कतई नहीं हो सकता है कि सत्ता पक्ष के विरोध में मतदान हुआ है। चुनाव में मतदान गोपनीय प्रणाली होती है। अत: किसी के पक्ष और विपक्ष में कहना तो शुद्ध बेमानी होगा। यह कहा जा सकता है कि फलां दल के घोषणा पत्र के कारण युवाओं और महिलाओं के मत बहुतायत में किसी दल को गया होगा, यह भी कहा जा सकता है कि रोजगार, सस्ती बिजली, बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा ने भी मत प्रतिशत को इस आंकड़े तक पहुंचाया है। यह सच भी है कि प्रदेश की राजनीति के दोनों प्रमुख दल भाजपा और कांग्रेस ने लोक लुभावने वादों से जनमत को इतना लुभाया कि मतदाता के लिए दुविधा जनक स्थिति बन गई थी कि किस दल को प्राथमिकता दे।

वर्तमान भारतीय लोकतंत्र के मतदाता का साक्षर प्रतिशत बढ़ने के कारण वह खुद का, प्रदेश का भला करने वाले दल का चयन कर सकता है, किसी के बहकावे में आने वाला नहीं है। इसलिए नतीजे को लेकर जो कयास लगाए जा रहे हैं वह सिर्फ कयास ही रहेंगे और दलगत चश्माधारी जो वादे कर रहे हैं। उनके वादे भी तब बेमानी साबित होंगे, जब ईवीएम मशीनों से सभी प्रत्याशियों को मिले मतों के आंकड़े नोटा और खारिज सहित सब बाहर निकल आएंगे।

